बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

विस्तृत निदेश–सह–आवश्यक सूचना
प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा
(विज्ञापन संख्या–24/2024)

प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा पटना अवस्थित परीक्षा केन्द्रों पर निम्नांकित कार्यक्रमानुसार आयोजित की जायेगी :–

तिथि एवं दिन	प्रथम बैठक 10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे मध्याह्न तक	द्वितीय बैठक 2:30 बजे अपराह्न से 4:30 बजे अपराह्न तक
12-08-2024 सोमवार	सामान्य हिन्दी (General Hindi)	सामान्य ज्ञान (General Knowledge)
13-08-2024 मंगलवार	उद्यान/कृषि विज्ञान (Horticulture/Agriculture Science) (प्रथम पत्र)	उद्यान/कृषि विज्ञान (Horticulture/Agriculture Science) (द्वितीय पत्र)

उक्त परीक्षा के लिए दिनांक 05.08.2024 से प्रवेश–पत्र **(e-Admit Card)** डाउनलोड करने की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी।

1. अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने से पूर्व अद्यतन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ (25KB) अपने Dashboard में Login के उपरांत अपलोड करेंगे एवं यदि किसी अभ्यर्थी के ऑनलाइन आवेदन में नाम, पिता का नाम एवं माता का नाम में त्रुटि है तो प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने से पूर्व फोटोग्राफ अपलोड करते हुए अपना सही नाम/पिता का नाम/माता का नाम निर्धारित स्थान पर अंकित करेंगे। उसके बाद ही प्रवेश–पत्र डाउनलोड होगा। डाउनलोड किये गये e-Admit Card में अभ्यर्थी को आवंटित परीक्षा केन्द्र कोड के रूप में दर्ज होगा, जिसमें केन्द्र कोड (Centre Code) एवं जिला का नाम अंकित रहेगा।
2. सभी अभ्यर्थी e-Admit Card की एक अतिरिक्त प्रति अपने साथ परीक्षा केन्द्र ले जाना सुनिश्चित करेंगे एवं परीक्षा अवधि में वीक्षक के समक्ष हस्ताक्षर कर उन्हें सुपुर्द कराना सुनिश्चित करेंगे।
3. परीक्षा केन्द्र कोड के संबंध में विस्तृत जानकारी दिनांक 10.08.2024 से उपलब्ध करायी जायेगी। दिनांक 11.08.2024 तक प्रवेश–पत्र निश्चित रूप से डाउनलोड कर लेंगे।
4. अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारम्भ होने के 1 घंटा पूर्व तक ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी अर्थात् 1 घंटा पूर्व प्रवेश बंद कर दिया जायेगा। परीक्षा अवधि की समाप्ति के पश्चात् Used OMR Answer Sheet को सील कराने के पश्चात् ही परीक्षा कक्ष छोड़ेंगे।

2.8.2024

अपर–सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना